# *उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण: सितम्बर 2012 (दौर 10)**

*परिवारों का जुलाई-सितम्बर 2012 तिमाही (10वां दौर) हेतु उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण 6 शहरों में शहरी परिवार उपभोक्ता के विचारों का मूल्यांकन करता है जो सामान्य आर्थिक स्थिति के संबंध में उनकी धारणा और उनकी अपनी वित्तीय स्थिति पर आधारित है। मूल्यांकन को दो भागों में विश्लेषित किया गया है अर्थात एक वर्ष पहले की तुलना में वर्तमान स्थिति और एक वर्ष आगे की प्रत्याशा।*

*वर्तमान और भावी आर्थिक स्थितियों के संबंध में उत्तरदाताओं के विचार गत चार तिमाहियों से गिरावटयुक्त रहे हैं लेकिन पहली बार इस सर्वेक्षण में वर्तमान आर्थिक स्थितियों के संबंध में अनुभूत निवल प्रतिक्रिया नकारात्मक रही। पारिवारिक (हाउसहोल्ड) परिस्थितियों, आय और कीमत के स्तर के संबंध में सकारात्मक अनुभूति में उल्लेखनीय गिरावट आई है। तथापि, एक वर्ष पहले की तुलना में व्यय में वृद्धि होने का अनुमान लगाने वाले उत्तरदाताओं के अनुपात में भारी वृद्धि होने के कारण सितम्बर 2012 का वर्तमान स्थिति सूचकांक कुल मिलाकर पिछली तिमाही के समान ही रहा। इसके विपरीत, भावी प्रत्याशा सूचकांक में सभी घटक कारकों के चलते तेजी से गिरावट आई है।*

## I. प्रस्तावना

रिजर्व बैंक जून 2010 से परिवारों का तिमाही आधार पर उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण कर रहा है। इस सर्वेक्षण में आर्थिक स्थितियों और परिवार की परिस्थितियों के विभिन्न मानदण्डों के संबंध में गुणात्मक सूचना प्राप्त की जाती है। 10वें दौर का सर्वेक्षण सितम्बर 2012 में किया गया था।

## II. नमूने का कवरेज

सर्वेक्षण में छह महानगरों यथा बंगलुरु, चेन्नै, हैदराबाद, कोलकाता, मुम्बई और नई दिल्ली को शामिल किया गया। प्रत्येक शहर को तीन बड़े क्षेत्रों में विभाजित किया गया और प्रत्येक बड़े क्षेत्र को आगे फिर तीन उप-क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक उप-क्षेत्र से लगभग 100 उत्तरदाताओं को यादृच्छिक रूप से चुना गया। प्रत्येक दौर के सर्वेक्षण के लिए 5,400 उत्तरदाताओं का चयन किया गया (प्रत्येक शहर से 900 उत्तरदाता)। वर्तमान दौर के लिए कुल 5,400 सर्वेक्षण अनुसूचियों में से 5,124 अनुसूचियां उपयुक्त पाई गई और इन्हें सर्वेक्षण परिणाम में शामिल किया गया।

## III. सर्वेक्षण प्रश्नावली का ढांचा

सर्वेक्षण की अनुसूची में आर्थिक स्थितियों, परिवार की परिस्थितियों, आय और व्यय के बारे में विचार, कीमत स्तर, रोजगार संभावनाएं एवं प्रमुख मदों पर व्यय तथा ब्याज दरों के संबंध में गुणात्मक धारणा को लेकर प्रश्न शामिल किए गए हैं। इस दौर से, सर्वेक्षण में परिवार की भावी परिस्थितियों, बड़े खर्चों यथा मोटर वाहन, आवास, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के प्रारूप, वर्तमान रोजगार परिदृश्य एवं कीमत वृद्धि की वर्तमान/भावी दर के संबंध में अतिरिक्त धारणा शामिल की गई है। संशोधित सर्वेक्षण प्रश्नावली **अनुबंध** में दी गई है।

## IV. सर्वेक्षण के परिणाम

### *IV.1 आर्थिक स्थिति*

- वर्तमान और भावी आर्थिक स्थितियों के संबंध में उत्तरदाताओं के विचार गत चार तिमाहियों से गिरावटयुक्त रहे हैं लेकिन पहली बार इस सर्वेक्षण में वर्तमान आर्थिक स्थितियों के संबंध में अनुभूत निवल प्रतिक्रिया नकारात्मक रही। (सारणी 1)

- भावी संभावना वर्तमान आर्थिक स्थितियों की तुलना में अधिक आशायुक्त है (सारणी 1)।

### *IV.2 परिवार की परिस्थितियां*

- परिवार की परिस्थितियों के संबंध में सकारात्मक धारणाओं में तेजी से गिरावट आई है (सारणी 2)।

- ऐसा पहली बार हुआ है कि परिवार की भावी परिस्थितियों के संबंध में उत्तरदाताओं के विचारों को सर्वेक्षण में शामिल किया गया हो। परिवार की भावी परिस्थितियों के संबंध में सकारात्मक अनुभूति

* सांख्यिकी एवं सूचना प्रबंध विभाग, नई दिल्ली द्वारा तैयार किया गया। इस विषय पर पूर्व लेख भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन के अगस्त 2012 अंक में प्रकाशित किया गया था। विश्वास सूचकांक बनाने के लिए अपनायी गई पद्धति भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन के दिसंबर 2011 अंक में प्रकाशित की गई थी। सर्वेक्षण के परिणाम उत्तरदाताओं की प्रतिक्रियाओं पर आधारित हैं और जरूरी नहीं कि भारतीय रिज़र्व बैंक उससे सहमत हो।

**सारणी 1: आर्थिक स्थिति के संबंध में विचार**

(प्रतिशत उत्तर)

| | वर्तमान | | | | भावी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | दिसं-11 | मार्च-12 | जून-12 | सितं-12 | दिसं-11 | मार्च-12 | जून-12 | सितं-12 |
| बेहतर हुई है/ बेहतर होगी | 59.2 | 50.7 | 49.6 | 37.5 | 62.3 | 58.7 | 55.5 | 44.4 |
| समान ही रही/ समान ही रहेगी | 16.1 | 23.5 | 13.1 | 23.8 | 21.7 | 24.5 | 20.9 | 27.7 |
| ख़राब रही/ ख़राब रहेगी | 24.7 | 25.7 | 37.3 | 38.7 | 16.0 | 16.9 | 23.6 | 27.8 |
| **निवल उत्तर** | **34.5** | **25.0** | **12.2** | **-1.2** | **46.2** | **41.8** | **31.9** | **16.6** |

**सारणी 2: परिवार की परस्थितियों के संबंध में धारणा**

(प्रतिशत उत्तर)

| | वर्तमान | | | | भावी |
|---|---|---|---|---|---|
| | दिसं-11 | मार्च-12 | जून-12 | सितं-12 | सितं-12 |
| कुछ हद तक बेहतर हुई है / बेहतर होगी | 57.7 | 56.5 | 57.1 | 45.0 | 44.1 |
| कहना मुश्किल है/ समान ही रहेगी | 18.1 | 15.0 | 7.8 | 26.2 | 34.7 |
| कुछ हद तक ख़राब हुई है/ ख़राब होगी | 24.2 | 28.6 | 35.1 | 28.8 | 21.3 |
| **निवल उत्तर** | **33.5** | **27.9** | **22.0** | **16.2** | **22.8** |

वर्तमान धारणाओं की तुलना में थोड़ी कम है, तथापि परिवार की वर्तमान परिस्थिति संबंधी निवल प्रतिक्रिया भावी प्रतिक्रियाओं की तुलना में कम है (सारणी 2)।

- परिवार की परिस्थितियों के संबंध में उत्तरदाताओं की धारणाओं को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों में 'वेतन और कारोबार आय' तथा 'कीमत' हैं (सारणी 3)।

## *IV.3 आय*

- पिछली तिमाही की तुलना में वर्तमान तथा भावी आय में 'वृद्धि' की आशा रखने वाले उत्तरदाताओं के अनुपात में कमी आई है (सारणी 4)।
- 35 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि उनकी आय में पिछले वर्ष की तुलना में कोई परिवर्तन नहीं हुआ या अगले वर्ष भी यह उसी के समान रहेगी (सारणी 4)।

**सारणी 3: परिवार की परिस्थितियों के संबंध में विचार को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक**

(प्रतिशत उत्तर)

| | वर्तमान | | | | भावी |
|---|---|---|---|---|---|
| | दिसं-11 | मार्च-12 | जून-12 | सितं-12 | सितं-12 |
| वेतन और कारोबारी आय | 87.3 | 85.7 | 85.2 | 81.0 | 83.1 |
| ब्याज और लाभांश आय | 46.9 | 34.2 | 32.1 | 26.2 | 23.2 |
| स्थावर संपदा बिक्री | 24.3 | 27.2 | 20.7 | 22.5 | 21.1 |
| मूल्य | 27.3 | 41.9 | 48.1 | 50.7 | 42.5 |
| आस्तियों के मूल्य में परिवर्तन | 26.6 | 27.3 | 19.0 | 21.9 | 19.1 |
| मेरे परिवार में आश्रितों की संख्या | 15.1 | 23.0 | 23.8 | 24.4 | 21.4 |

**टिप्पणी**: चूंकि उत्तरदाता कई कारक बता सकते हैं, अतः कारकों से संबंधित कुल प्रतिशत 100 से अधिक हो सकता है।

**सारणी 4: आय के संबंध में धारणा**

(प्रतिशत उत्तर)

| | वर्तमान | | | | भावी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | दिसं-11 | मार्च-12 | जून-12 | सितं-12 | दिसं-11 | मार्च-12 | जून-12 | सितं-12 |
| बढ़ी है/ बढ़ेगी | 58.7 | 55.2 | 59.5 | 47.8 | 64.0 | 60.7 | 65.0 | 51.9 |
| समान ही रही/ समान ही रहेगी | 25.8 | 30.7 | 15.9 | 36.1 | 29.1 | 33.8 | 27.5 | 37.8 |
| घटी है/ घटेगी | 15.4 | 14.1 | 24.5 | 16.1 | 6.8 | 5.5 | 7.5 | 10.3 |
| **निवल उत्तर** | **43.3** | **41.1** | **35.0** | **31.7** | **57.2** | **55.2** | **57.4** | **41.5** |

**सारणी 5: व्यय के संबंध में धारणा**

(प्रतिशत उत्तर)

| | वर्तमान | | | | भावी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | दिसं-11 | मार्च-12 | जून-12 | सितं-12 | दिसं-11 | मार्च-12 | जून-12 | सितं-12 |
| बढ़ी है/ बढ़ेगी | 71.8 | 74.5 | 74.7 | 83.6 | 63.0 | 55.7 | 61.0 | 57.9 |
| समान ही रही/ समान ही रहेगी | 16.2 | 12.5 | 5.8 | 13.0 | 26.5 | 33.7 | 25.0 | 22.4 |
| घटी है/ घटेगी | 12.0 | 13.0 | 19.4 | 3.4 | 10.5 | 10.7 | 14.0 | 19.7 |
| **निवल उत्तर** | **59.8** | **61.5** | **55.3** | **80.3** | **52.5** | **45.0** | **47.0** | **38.2** |

**सारणी 6: व्यय को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक**

(प्रतिशत उत्तर)

| | आय | भावी आय | गैर-वित्तीय आस्तियां | वित्तीय आस्तियां | स्थावर संपदा पर व्यय | उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं पर व्यय | आश्रितों की संख्या | उपभोक्ता वस्तुओं की लागत | सेवाओं की लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिसं-11 | 65.6 | 37.3 | 30.4 | 24.5 | 22.9 | 22.8 | 26.0 | 59.2 | 52.3 |
| मार्च-12 | 58.0 | 25.3 | 23.8 | 22.6 | 32.1 | 31.3 | 27.9 | 68.6 | 59.8 |
| जून-12 | 88.6 | 60.2 | 20.6 | 12.7 | 30.5 | 25.3 | 26.0 | 67.7 | 51.2 |
| सितं-12 | 44.0 | 31.0 | 19.8 | 17.6 | 20.7 | 32.6 | 29.9 | 82.3 | 68.6 |

**टिप्पणी:** चूंकि उत्तरदाता कई कारक बता सकते हैं, अतः कारकों से संबंधित कुल प्रतिशत 100 से अधिक हो सकता है।

## *IV.4 उपभोक्ता व्यय*

- एक वर्ष पहले की तुलना में व्यय में वृद्धि होने की सूचना देने वाले उत्तरदाताओं के अनुपात में तेजी से वृद्धि हुई है। जहां तक भावी व्यय का संबंध है, 80 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि उनके खर्चों में वृद्धि होगी या यह उसी के समान रहेगा (सारणी 5)।

- वर्तमान व्यय के संबंध में कुल प्रतिक्रियाओं में काफी वृद्धि हुई जबकि भावी व्यय के संबंध में इन प्रतिक्रियाओं में कमी आई है (सारणी 5)।

- 'उपभोक्ता वस्तुओं की लागत' और 'सेवा लागत' वे प्रमुख कारक हैं जिनका व्यय पर असर पड़ा है जबकि पिछले दौर में 'आय' और 'उपभोक्ता वस्तुओं की लागत' प्रमुख कारक थे (सारणी 6)।

- लगभग प्रत्येक पांच उत्तरदाताओं में से एक को अगले एक वर्ष में प्रमुख मदों यथा मोटर वाहन, आवास या टिकाऊ वस्तुओं के संबंध में व्यय का अनुमान है, जबकि दो-तिहाई से अधिक उत्तरदाताओं की इस प्रकार के व्यय की योजना नहीं है (सारणी 7)।

**सारणी 7 :प्रमुख व्यय के संबंध में धारणा**

(प्रतिशत उत्तर)

| | मोटर वाहन | आवास | टिकाऊ वस्तुएं |
|---|---|---|---|
| हां | 18.6 | 17.4 | 20.9 |
| कह नहीं सकते | 9.7 | 11.3 | 10.4 |
| नहीं | 71.7 | 71.2 | 68.7 |

## *IV.5 मूल्य स्तर एवं उसके बढ़ने की दर*

- लगभग 95 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि एक वर्ष पहले की तुलना में मूल्य के स्तर में वृद्धि हुई है और अगले वर्ष में भी वृद्धि जारी रहेगी (सारणी 8)।

- वर्तमान एवं भावी मूल्य स्तरों के संबंध में नकारात्मक धारणाओं में वृद्धि होने के कारण इन दोनों मूल्य स्तरों के संबंध में कुल

**सारणी 8: मूल्य स्तर संबंधी धारणा**

(प्रतिशत उत्तर)

| | वर्तमान | | | | भावी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | दिसं-11 | मार्च-12 | जून-12 | सितं-12 | दिसं-11 | मार्च-12 | जून-12 | सितं-12 |
| बढ़ी है/ बढ़ेगी | 91.0 | 86.2 | 91.9 | 96.3 | 90.9 | 85.4 | 90.8 | 94.9 |
| समान ही रही | 8.2 | 9.9 | 7.2 | 3.4 | 7.9 | 13.6 | 8.4 | 3.6 |
| घटी है/ घटेगी | 0.8 | 3.9 | 0.9 | 0.3 | 1.2 | 1.0 | 0.8 | 1.6 |
| **निवल उत्तर** | **-90.2** | **-82.2** | **-91.0** | **-96.0** | **-89.6** | **-84.4** | **-90.1** | **-93.3** |

**टिप्पणी:** मूल्य वृद्धि की धारणा नकारात्मक मानी जाती है और मूल्य में गिरावट की धारणा सकारात्मक मानी जाती है। अतः निवल उत्तर नकारात्मक है।

**सारणी 9: मूल्य स्तरों में परिवर्तन की दर के संबंध में धारणा-सितम्बर 2012**

(प्रतिशत उत्तर)

| | वर्तमान | भावी |
|---|---|---|
| बढ़ी है/ बढ़ेगी | 90.0 | 89.9 |
| समान ही रही/ समान ही रहेगी | 9.1 | 8.2 |
| घटी है/ घटेगी | 0.9 | 1.9 |

प्रतिक्रियाओं में गिरावट आई है (सारणी 8)।

- लगभग 90 प्रतिशत उत्तरदाताओं को लगता है कि वर्तमान मूल्य की दर के साथ-साथ भावी मूल्य की दरों में वृद्धि हुई है (सारणी 9)।

## *IV.6 अन्य समष्टि-आर्थिक संकेतकों संबंधी धारणा*

### *IV.6.1 ब्याज दर*

- उधारकर्ताओं की दृष्टि से उच्च ब्याज दर की निवल धारणाओं में पिछले दौर की अपेक्षा कमी आई है। इसी प्रकार, जमाकर्ताओं की दृष्टि से निम्न ब्याज दर की निवल धारणाओं में भी कमी आई है (सारणी 10)।

- कुल मिलाकर, एक-चौथाई उत्तरदाताओं का मानना है कि ब्याज दरें समुचित थीं (सारणी 10)।

### *IV.6.2 रोजगार की स्थिति*

- पांच में से दो से अधिक उत्तरदाताओं ने बताया कि वर्तमान रोजगार की स्थिति बेहतर है और भावी संभावनाएं भी बेहतर हैं (सारणी 11)।

**सारणी 10: उधारकर्ताओं एवं जमाकर्ताओं के नज़रिए से वर्तमान ब्याज स्तर**

(प्रतिशत उत्तर)

| | उधारकर्ता | | | | जमाकर्ता | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | दिसं-11 | मार्च-12 | जून-12 | सितं-12 | दिसं-11 | मार्च-12 | जून-12 | सितं-12 |
| कम है | 4.2 | 4.3 | 6.2 | 7.8 | 78.5 | 76.8 | 77.2 | 66.2 |
| समुचित है | 15.0 | 15.9 | 18.9 | 24.5 | 15.2 | 20.0 | 20.4 | 25.4 |
| अधिक है | 80.8 | 80.1 | 74.8 | 67.7 | 6.3 | 3.3 | 2.3 | 8.3 |

**सारणी 11: रोजगार के संबंध में धारणा**

(प्रतिशत उत्तर)

| | वर्तमान | भावी | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | सितं-12 | दिसं-11 | मार्च-12 | जून-12 | सितं-12 |
| बेहतर हुई है/ बेहतर होगी | 42.8 | 50.5 | 43.6 | 50.8 | 43.6 |
| समान ही रही/ समान ही रहेगा | 25.5 | 33.4 | 32.6 | 28.3 | 33.3 |
| ख़राब रही/ ख़राब रहेगी | 31.7 | 16.0 | 23.8 | 20.9 | 23.1 |
| **निवल उत्तर** | **11.1** | **34.5** | **19.8** | **30.0** | **20.5** |

- निवल प्रतिक्रियाओं वार, रोजगार की स्थिति के संबंध में भावी धारणा वर्तमान रोजगार स्थितियों से बेहतर है (सारणी 11)।

## *IV.7 वर्तमान स्थिति सूचकांक एवं भावी प्रत्याशा सूचकांक*

- वर्तमान आर्थिक स्थिति, परिवार की वर्तमान परिस्थितियों, वर्तमान आय, वर्तमान व्यय एवं वर्तमान मूल्य स्तर पर आधारित वर्तमान स्थिति सूचकांक (सीएसआई) कुल मिलाकर उसी स्तर पर रहा जिसका मुख्य कारण वर्तमान व्यय में वृद्धि था जिससे अन्य संकेतकों में हुई गिरावट की भरपाई हो गई थी (सारणी 12)।

- भावी आर्थिक स्थिति, भावी आय, भावी व्यय, भावी रोजगार स्थिति एवं भावी मूल्य स्तर पर आधारित भावी प्रत्याशा सूचकांक (एफईआई) में पिछली तिमाही की तुलना में काफी कमी आई। एफईआई की गिरावट में एफईआई के सभी तत्वों में गिरावट का योगदान था (सारणी 12)।

**सारणी 12: वर्तमान स्थिति सूचकांक और भावी प्रत्याशा सूचकांक**

| | दिसं-11 | मार्च-12 | जून-12 | सितं-12 |
|---|---|---|---|---|
| वर्तमान स्थिति सूचकांक | 116.2 | 114.6 | 106.7 | 106.2 |
| भावी प्रत्याशा सूचकांक | 120.2 | 115.5 | 115.2 | 104.7 |

## अनुबंध

### भारतीय रिज़र्व बैंक
### सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, नई दिल्ली
### उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण, सितम्बर 2012

| उ.सं. | शहर | ए | जी | ओ | आई | एफ | क्र.सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | | | | | | | |

**ब्लॉक I: उत्तरदाता का विवरण**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **नाम** | | | | | | |
| पता | | | | | | |
| | शहर | पिन कोड | | | | |
| **टेलीफोन नंबर** | | | | | | |
| **आयु** | 22-30 [1] | 30-40 [2] | 40-60 [3] | 60 और उससे अधिक (4) | | |
| **लिंग** | पुरुष | स्त्री | | | | |
| **व्यवसाय** | नियोजित [1] | स्व-नियोजित /बिजनेस [2] | गृहिणी [3] | दैनिक कामगार [4] | सेवानिवृत्त/पेंशनभोगी [5] | बेरोजगार [6] |
| **यदि (3) या (6)*** | | | | | | |
| **वार्षिक आय** | ₹1 लाख या कम [1] | ₹1 लाख से 3लाख तक [2] | ₹3 लाख से 5 लाख तक [3] | ₹5 लाख या अधिक [4] | | |
| **परिवार के सदस्य** | 1 और 2 [1] | 3 और 4 [2] | 5 और अधिक [3] | | | |
| अर्जक सदस्यों की संख्या | | | | | | |
| शैक्षिक योग्यता | प्राथमिक स्तर तक [1] | स्नातक से नीचे [2] | स्नातक और उससे अधिक [3] | | | |
| बैंक खाता धारक | हां [1] / नहीं [2] | | | | | |
| क्रेडिट कार्ड प्रयोक्ता | हां [1] / नहीं [2] | | | | | |

*यदि व्यवसाय कोड 3 या 6 है तो कृपया परिवार के प्रमुख अर्जक सदस्य के श्रेणी कोड का उल्लेख करें।

**ब्लॉक II: वर्तमान आर्थिक स्थितियाँ**

**1. आपके विचार में पिछले एक वर्ष की तुलना में आर्थिक स्थितियों में क्या अंतर आया है?**

| | | |
|---|---|---|
| **क.** सुधार हुआ है [1] | **ख.** कोई परिवर्तन नहीं हुआ है [2] | **ग.** खराब हुई हैं [3] |

**1 (अ). प्रश्न 1 के संबंध में आपके विचार का आधार क्या है? (अधिकतम दो उत्तरों का चयन करें)**

| | | |
|---|---|---|
| क. | मीडिया की रिपोर्ट | [1] |
| ख. | आर्थिक सूचकांक और सांख्यिकी | [2] |
| ग. | मैं जिस कंपनी में काम करता हूं अथवा मेरी अपनी कंपनी का कारोबार निष्पादन | [3] |
| घ. | मेरा अपना या परिवार के अन्य सदस्यों का आय स्तर | [4] |
| ङ. | शॉपिंग गलियों और मनोरंजन स्थलों की हलचल | [5] |

**2.आज से एक वर्ष बाद की आर्थिक स्थिति को आप किस प्रकार से देखते हैं?**

| | | |
|---|---|---|
| **क.** सुधार हुआ है [1] | **ख.** कोई परिवर्तन नहीं हुआ है [2] | **ग.** खराब हुई हैं [3] |

**3. वर्तमान आर्थिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए, वर्तमान ब्याज दर के स्तर के बारे में आपकी क्या राय है?**

| अ) उधारकर्ता की दृष्टि से | | ब) जमाकर्ता की दृष्टि से | |
|---|---|---|---|
| क) कम है | [1] | क) कम है | [1] |
| ख) उचित है | [2] | ख) उचित है | [2] |
| ग) अधिक है | [3] | ग) अधिक है | [3] |

**ब्लॉक III: घरेलू स्थितियाँ और जनसाधारण के विचार**

**अ. घरेलू स्थितियां**

4(i) एक वर्ष पहले की तुलना में अपनी घरेलू स्थितियों के बारे में आपकी क्या राय है?

| | | |
|---|---|---|
| **क.** कुछ हद तक सुधार हुआ है (1) | **ख.** कहना मुश्किल है (2) | **ग.** कुछ हद तक स्थिति खराब हुई है (3) |

4(ii) आज से एक वर्ष बाद अपनी घरेलू स्थितियों के संबंध में आपकी क्या प्रत्याशा है?

| | | |
|---|---|---|
| **क.** और बेहतर होंगी (1) | **ख.** कोई परिवर्तन नहीं होगा (2) | **ग.** और खराब होंगी (3) |

## अनुबंध *(जारी)*

**4क) आप ऐसा क्यों मानते हैं कि आपकी घरेलू स्थिति बेहतर/ख़राब हो गई है/हो जाएगी? (उपयुक्त उत्तर का चयन करें)**

| | | एक वर्ष पहले की तुलना में | | आज से एक वर्ष बाद | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बढ़ोतरी हुई है | कमी आई है | बढ़ोतरी होगी | कमी होगी |
| क. | वेतन एवं बिजनेस आय में | [1] | [2] | [3] | [4] |
| ख. | ब्याज/लाभांश से आय में | [1] | [2] | [3] | [4] |
| ग. | स्थावर संपदा की बिक्री से विशेष आय में | [1] | [2] | [3] | [4] |
| घ. | कीमतों में | [1] | [2] | [3] | [4] |
| ङ | स्थावर संपदा एवं स्टॉक के मूल्य में | [1] | [2] | [3] | [4] |
| च. | मेरे परिवार में आश्रितों की संख्या में | [1] | [2] | [3] | [4] |
| छ. | अन्य *(कृपया उल्लेख करें)* | [1] | [2] | [3] | [4] |

**आ. आय**

**5. एक वर्ष पहले की आपकी आय (या परिवार के अन्य सदस्यों की आय) में क्या परिवर्तन हुआ है?**

| | | |
|---|---|---|
| **क.** वृद्धि हुई है [1] | **ख.** अपरिवर्तित है [2] | **ग.** कमी हुई है [3] |

**6. एक वर्ष बाद आपकी आय (या परिवार के अन्य सदस्यों की आय) के बारे में क्या उम्मीद है?**

| | | |
|---|---|---|
| **क.** वृद्धि हुई है [1] | **ख.** अपरिवर्तित रहेगी [2] | **ग.** कमी होगी [3] |

**इ. व्यय**

**7. आपके (या परिवार के सदस्यों के) उपभोग खर्च में एक वर्ष पहले की तुलना में क्या परिवर्तन हुआ है?**

| | | |
|---|---|---|
| **क.** वृद्धि हुई है [1] | **ख.** अपरिवर्तित है [2] | **ग.** कमी हुई है [3] |

अगर प्रश्न 7 के लिए आपने (क) या (ग) विकल्प चुना है तो कृपया प्रश्न 8 का उत्तर दें। प्रतिक्रिया इससे भिन्न हो तो कृपया प्रश्न 8 को छोड़ दें और प्रश्न 9 देखें।

**8. आपने (आपके परिवार के सदस्यों ने) खर्च में वृद्धि /कमी क्यों की है? (उपयुक्त उत्तर का चयन करें)**

| | | बढ़ोतरी हुई है | कमी हुई है |
|---|---|---|---|
| क. | क्योंकि मेरी आय में | [1] | [2] |
| ख. | संभावना है कि मेरी भावी आय में | [1] | [2] |
| ग. | क्योंकि स्थावर संपदा जैसी गैर-वित्तीय आस्तियों की कीमत में | [1] | [2] |
| घ. | क्योंकि स्टॉक्स एवं बांड्स जैसी वित्तीय आस्तियों की कीमत में | [1] | [2] |
| ङ. | क्योंकि मकान जैसी स्थावर संपदाओं में खर्च (खरीद/रखरखाव आदि) में @ | [1] | [2] |
| च. | क्योंकि वाहन/टीवी/फ्रीज जैसी टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं पर खर्च में @ | [1] | [2] |
| छ. | क्योंकि मेरे परिवार में आश्रित सदस्यों की संख्या के कारण खर्च में | [1] | [2] |
| ज. | क्योंकि उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में | [1] | [2] |
| झ. | क्योंकि सेवाओं की कीमतों में | [1] | [2] |
| ञ. | अन्य (कृपया उल्लेख करें) | [1] | [2] |

@ पिछला खर्च पूरा हो चुका है।

**9. क्या अगले 12 महीनों में अपने खर्च में वृद्धि या कमी करने की आपकी योजना है?**

| | | |
|---|---|---|
| **क.** वृद्धि [1] | **ख.** न वृद्धि न कमी [2] | **ग.** कमी [3] |

**10. क्या निम्नलिखित मदों पर अधिक खर्च का यह उचित समय है:**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मोटर वाहन | क. हां [1] | ख. कहना मुश्किल है [2] | ग. नहीं [3] |
| 2. | आवास | क. हां [1] | ख. कहना मुश्किल है [2] | ग. नहीं [3] |
| 3. | टिकाऊ वस्तुएं (मोटर वाहन को छोड़कर) | क. हां [1] | ख. कहना मुश्किल है [2] | ग. नहीं [3] |

**ईः रोजगार परिदृश्य**

**11(i) एक वर्ष पहले की स्थिति की तुलना में रोजगार परिदृश्य के बारे में आपकी क्या राय है?**

| | | |
|---|---|---|
| सुधार हुआ है [1] | कोई परिवर्तन नहीं [2] | ख़राब हुई है [3] |

**11(ii). अब से एक वर्ष बाद की स्थिति को दृष्टिंगत रखते हुए रोजगार परिदृश्य के बारे में आपकी क्या राय है?**

| | | |
|---|---|---|
| सुधार हुआ है [1] | कोई परिवर्तन नहीं [2] | ख़राब हुई है [3] |

## अनुबंध *(जारी)*

**ब्लॉक IV: मूल्य स्तर के संबंध में धारणा**

**12. पिछले एक वर्ष की तुलना में समग्र रूप से वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों के बारे में आपकी क्या राय है?**

| | | |
|---|---|---|
| **क.** बढ़ गई है [1] | **ख.** लगभग अपरिवर्तित रही है [2] | **ग.** घट गई है [3] |

अगर प्रश्न 12 के लिए आपने (क) विकल्प चुना है तो कृपया प्रश्न 12अ का उत्तर दें। प्रतिक्रिया इससे भिन्न हो तो कृपया प्रश्न 12अ को छोड़ दें और प्रश्न 13 देखें।

**12अ. पिछले एक वर्ष की तुलना में समग्र रूप से इस मूल्य में वृद्धि की दर में परिवर्तन के बारे में आपकी क्या राय है?**

| | | |
|---|---|---|
| **क.** पिछले वर्ष से अधिक [1] | **ख.** पिछले वर्ष के समान [2] | **ग.** पिछले वर्ष से कम [3] |

**13. आपके विचार में अब से एक वर्ष बाद मूल्यों की दिशा क्या होगी?**

| | | |
|---|---|---|
| **क.** बढ़ेंगे [1] | **ख.** लगभग अपरिवर्तित रहेंगे [2] | **ग.** घटेंगे [3] |

अगर प्रश्न 13 के लिए आपने (क) विकल्प चुना है तो कृपया प्रश्न 13अ का उत्तर दें। प्रतिक्रिया इससे भिन्न हो तो कृपया प्रश्न 13अ को छोड़ दें।

**13अ. अब से एक वर्ष बाद समग्र रूप से इस मूल्य में वृद्धि की दर में परिवर्तन के बारे में आपकी क्या राय है?**

| | | |
|---|---|---|
| क. चालू वर्ष से अधिक [1] | ख. चालू वर्ष के समान [2] | ग. चालू वर्ष से कम [3] |

| अन्वेषक का नाम [1] | अन्वेषक के हस्ताक्षर [2] | साक्षात्कार की तारीख [3] |
|---|---|---|
| | | |